भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3764
(17 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए)

झारखंड में ग्रामीण सड़क कार्य

3764. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰) के तहत झारखंड में विशेष रूप से गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिलों में कितने सड़क कार्य पूरे किए गए हैं;
(ख) इस योजना के तहत झारखंड में विशेष रूप से गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिलों में कितने सड़क कार्य संबंधी मामले लंबित हैं; और
(ग) इन सड़क कार्यों को पूरा करने के लिए अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): पीएमजीएसवाई के विभिन्न हस्तक्षेपों/कार्यक्षेत्रों के तहत झारखंड राज्य को रंभ से लेकर 12 मार्च, 2020 तक 28,694.73 कि.मी. लंबाई के कुल 7604 सड़क कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 23,835.75 कि.मी. लंबाई के 6,404 सड़क कार्यों को पूरा किया जा चुका है तथा 4,256.25 कि.मी. लंबाई के 1,200 सड़क कार्य पूर्णता की विभिन्न अवस्थाओं में हैं।

पीएमजीएसवाई के तहत बोकारो, धनबाद तथा गिरीडीह जनपदों में पूर्ण तथा लंबित सड़क कार्यों ब्यौरा निम्नवत है:-

जिले का नाम	स्वीकृत सड़क कार्य की संख्या	स्वीकृत सड़क की लंबाई	पूरे किए गए सड़क कार्य की संख्या	पूरी की गई सड़क कार्य की लंबाई	शेष सड़क कार्य की संख्या	शेष सड़क कार्य की लंबाई
बोकारो	387	1,359.223	337	1,157.180	50	145.322
धनबाद	106	328.986	101	289.909	5	35.341
गिरीडीह	546	1,920.540	467	1,701.067	79	195.322

सभी चालू सड़क कार्य शीघ्र पूर्णता हेतु लक्षित हैं।

*****